हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 अगस्त 2025

06 48 घंटे से जिले में झमाझम और रिमझिम बारिश ...



07 जयकारों के साथ पैदल यात्रियों ने चढ़ाया...





## खबर संक्षेप

### आदतन अपराधियों को 6-6 माह के लिए किया जिला बदर

**सागर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए 2 आदतन अपराधियों को 6-6 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त रामरूप उर्फ रामस्वरूप पिता देवी सिंह उम्र 35 साल निवासी ग्राम बारछा थाना बहेरिया को 06.माह एवं बंटी पिता शिवलाल बंसल उम्र 21 साल निवासी जासौड़ा थाना बरायठा को 06.माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। उनके विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो वह नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेंगे। परन्तु इसके पूर्व अनावेदकों को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दण्डाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

### गौशाला की महिलाओं का तीसरा बैच प्रशिक्षण प्रारंभ

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सागर इकाई से जुड़ी विकासखंड केसली और रहली को जो गौशाला चला रहे हैं साकेत धाम गौशाला में उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इन महिलाओं को गोबर और गोमूत्र के इस्तेमाल से बनने वाले उत्पाद बनाना सिखाया गया उसके अतिरिक्त इन महिलाओं को फेस क्रीम दंत मंजन साबुन हैंड वॉश आई ड्रॉप आदि भी बनाना सिखाया जा रहा है आज के प्रशिक्षण में इन महिलाओं ने दांत बंजन और साबुन बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में महिलाओं को आत्मनिर्भर गौशाला बनाए जाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह प्रशिक्षण कराया जा रहा है ताकि प्रत्येक गौशाला में गौशाला से जुड़ी अथवा जरूरतमंद महिलाओं को भी कुछ ना कुछ उत्पाद निर्माण करने का कार्य प्राप्त हो और वह इससे अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सके उत्पाद निर्माण से महिलाओं के अंदर एंटरप्रेन्योरशिप डेवलप होगी गुणवत्ता कैसे मेंटेन करें अपने बने उत्पादों को बाजार में किस प्रकार मार्केटिंग करें यह स्किल भी इन महिलाओं के अंदर विकसित करना है।

वीरांगना रानी अवंती बाई की जयंती देवरी में समारोह पूर्वक मनाई गई

# बेटियों को रानी अवंती बाई के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दें: मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा है कि सभी बेटियों को वीरांगना रानी अवंतिबाई के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दें। उन्होंने कहा है कि आज से लगभग 200 वर्ष पूर्व वीरांगना रानी अवंतिबाई का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा है कि वीरांगना रानी अवंतिबाई मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में देश की स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए शहीद हो गईं। उन्होंने कहा कि उस समय देश में अच्छी परिस्थितियां नहीं थी, इसके बावजूद वीरांगना रानी अवंतिबाई ने अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि हर परिवार को अपनी बेटियों को रानी अवंतिबाई के समान कर्मठ और ओजस्वी बनाना चाहिए।प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि आज परिस्थितियां बदली हैं। आज बदली हुई परिस्थितियों में बेटियों को अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा देकर निरंतर आंगे बढ़ाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज सागर जिले के देवरी में वीरांगना रानी अवंतिबाई के 194वे जन्म जयंति के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध लड़ना चाहिए।



उन्होंन कहा कि नशे के विरुद्ध मैंने जीवन भर संघर्ष किया उन्होंने कहा कि नशे जैसे सामाजिक बुराईयों के प्रति हमें मिलकर और एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि युवाओं को खेती के साथ ही शिक्षा और कृषि आधारित उद्योगों और व्यवसायों से भी जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में आंगे बढ़ने के लिए श्रम और संघर्ष की आवश्यकता है। हम बिना श्रम और संघर्ष के आंगे नहीं बढ़ सकते उन्होंने कहा कि युवाओं को श्रम और संघर्ष के सूत्र को आत्मसात करना चाहिए।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद दमोह संसदीय क्षेत्र राहुल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में श्रम करने के साथ साथ अच्छी शिक्षा भी ग्रहण करनी होगी। उन्होंने कहा कि अब जमीनें नहीं हैं, जमीनें अब विभाजित हो चुकी हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण युवा खेती के साथ साथ शिक्षा पर भी ध्यान दें। व्यापार एवं ग्रामीण उद्योगों पर भी ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवा शहरों में शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं किंतु शहरों की चकाचौंध में खो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने युवा होते बच्चों की गतिविधियों पर निरंतर ध्यान देना चाहिए तथा उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए निरंतर प्रेरित करना चाहिए।

समारोह को संबोधित करते हुए देवरी विधायक ब्रजबिहारी पटेरिया ने कहा कि 1857 की क्रांति में वीरांगना रानी अवंतिबाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध निरंतर संघर्ष किया। वीरांगना रानी अवंति बाई नारी शक्ति हैं हम उनके विचारों पर चलें यह आज की आवश्यकता है।

समारोह को बण्डा विधायक वीरेन्द्र सिह लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शराब, मृत्युभोज जैसी कुरीतियों को पूर्णतः समाप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। समारोह को पूर्व मंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूरे बुन्देलखंड का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि 1842 में बुंदेलखंड में स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति हुई थी जिसकी बहुत कम लोगों को जानकारी है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज लोगों को जीवन देने का काम करता है। हमारी अर्थव्यवस्था ग्रामीण अर्थव्यवस्था है। हम अनाज उत्पादक समाज से हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लागों को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहना चाहिए।




### ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन अर्थ वेंचर व एंटी पॉली बैग कार्यक्रम संपन्न

**सागर।** ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में ओजोन क्लब द्वारा 16वें ग्रीन अर्थ वेंचर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वसुधा दीदी, अंजलि दुबे, एड. वर्षा सिंह ठाकुर, विनीता सिंह, नगर पालिका परिषद मकरोनिया से संगीता सिंह (स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर), श शिक्षा विश्वकर्मा (महामंत्री-भाजपा महिला मोर्चा), बेबी ठाकुर (नारी शक्ति), इंजीनियर शनी जैन (आवास विकास योजना), कृष्णा दुबे (पी.आर.ओ.) के द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। शुद्ध एवं समृद्ध पर्यावरण की दिशा में इस कार्य की शुरुआत विद्यालय परिवार द्वारा वर्ष 2010 में की गई थी, जो अभी भी प्रतिवर्ष जारी है। प्रतिवर्ष पौधों का वितरण विद्यालय परिवार द्वारा किया जाता है। जिन्हें लोग अपने घरों में रोपित करते हैं। विद्यालय द्वारा वर्ष 2010 से अभी तक लगभग एक लाख पौधों का वितरण किया जा चुका है। इस वर्ष भी गुलाब, सेवंती कैलंची, कॉसमस, शीशम, कदम्ब, रिबन ग्रास एवं पारिजात इत्यादि किस्म के लगभग 6000 पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पौधे लेने वाले सभी लोगों ने इन पौधों को पोषित एवं संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण को बेहतर बनाना, वायु को शुद्ध करना, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, जलवायु नियंत्रण एवं मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखना है। हमारी पृथ्वी को पॉलिथीन मुक्त बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

## एनसीसी की प्रवेश परीक्षा में छात्रों में दिखा रक्षा व सैनिक सेवा में जाने का जज्बा

### आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज में उमड़ा छात्रों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय सागर के नए प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए 11 एमपी एनसीसी बटालियन में प्रवेश हेतु स्थानीय पुलिस लाईन ग्राउंड पर चयन प्रक्रिया का आयोजन प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के निर्देशन में किया गया। इस चयन प्रक्रिया में रक्षा और सैनिक सेवाओं में जाने का जज्बा लेकर सैकड़ो की संख्या में छात्र उमड़ पड़े। इनमें विभिन्न मापदंडों के बाद योग्य पाए गए कैडेट्स का चयन किया गया है। महाविद्यालय की 11 एमपी बॉयज एनसीसी बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट जयनारायण यादव द्वारा संचालित इस चयन प्रक्रिया में डॉ संदीप सबलोक, डॉ अंकुर गौतम, डॉ संदीप तिवारी, डॉ शैलेंद्र राजपूत व देवकृष्ण नामदेव ने पुलिस लाईन ग्राउंड पहुंच कर 11 एमपी एनसीसी बटालियन सागर के पी आई स्टाफ हवलदार रमाशंकर और मेघानाथ एनसीसी की निगरानी में प्रवेश के इच्छुक छात्रों की शारीरिक व बौद्धिक परीक्षा लेकर सहयोग प्रदान किया। एनसीसी कैडेट की चयन प्रक्रिया में शामिल रहे डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि 11 एमपी बटालियन द्वारा महाविद्यालय के लिए निर्धारित 63 सीटों के लिए करीब 700 छात्रों ने चयन प्रक्रिया में भाग लेकर जोर आजमाईश की। विभिन्न परीक्षणों के बाद 63 छात्रों का चयन 3 वर्षीय कोर्स के लिए किया गया है।



एएनओ लेफ्टिनेंट जयनारायण यादव ने एनसीसी यूनिट के संबंध में बताया कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्रीय रक्षा विभाग के अधीन युवा छात्र - छात्राओं में रक्षा एवं सैन्य सेवाओं का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए महाविद्यालयों में एनसीसी की यूनिट संचालित की जाती हैं। इनमें 3 वर्ष के कोर्स के तहत विभिन्न तरह के प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं। इसी के तहत उक्त चयन प्रक्रिया संचालित की गई है जिसमें चयनित कैडेट्स को 3 वर्षों तक सघन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बरौदिया के सूर्यप्रताप ने रचा इतिहास, एम्स भोपाल में चयन, नगर को किया गौरवान्वित



**बरौदिया कलां ।** शुक्रवार रात घोषित एम्स के नतीजे में नगर के सूर्यप्रताप राजपूत का चयन हुआ है। अपनी मेहनत ,लगन और संघर्ष से राजपूत ने यह उपलब्धि प्राप्त की हैं जहां पहुंचना हजारों का सपना होता हैं। यह उपलब्धि ना सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण हैं। सूर्यप्रताप के पिता उजागर किसान है। सामान्य परिवार से आने के बावजूद उसने कठिन परिश्रम और अटूट विश्वास से यह मुकाम हासिल किया हैं।वर्तमान में सूर्यप्रताप बतौर मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालथोन में पदस्थ हैं। डॉ सूर्यप्रताप ने बताया कि उन्होंने नौकरी के साथ पढ़ाई अनुशासन और निरंतर अभ्यास को अपनी आदत बना लिया है। सीमित संसाधन और ग्रामीण परिवेश भी उनको रोक नहीं सके हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, दोस्तों और अस्पताल के सहयोगी स्टॉप को दिया हैं। मेरी मेहनत और धैर्य ही मेरी सफलता का कारण है। नगर के लोगों का आशीर्वाद भी उनके साथ हमेशा रहा हैं। जिसके चलते उनका सपना हकीकत में बदल सका हैं। उनकी इस उपलब्धि पर दयाराम चौरसिया, राकेश मिश्रा, मनोज तिवारी, धनीराम सेन शिक्षक, निरंजन सिंह राठौड़, बलराम ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, विकास सेन,रा हुल सेन श्रीराम फाइनेंस, निखिल दांगी, नीरज लोधी महाकाल, मनोज सेन, कविंद्र लोधी राहुल चौरसिया, राम चौरसिया, सहित नगर वासियों ने बधाई दी हैं।



### सीताराम लेखन हेतु निशुल्क कापियों का वितरण

**सागर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन सरकार की प्रेरणा एवं विशेष कृपा से अप्रैल सन 2012 से प्रारंभ श्री सीताराम नाम लेखन 18 बार सवा करोड़ लेखन जप के संकल्प को पूर्ण करते हुए वर्तमान में भी अनवरत जारी है । लेखन हेतु भक्तों को निशुल्क कॉपी हनुमान दुर्गा भैरव धाम परिसर स्थित सीताराम नाम बैंक एवं सनराइज मेगा सिटी सागर से वितरित की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए सीताराम बैंक जिला शाखा तहसीली के सहव्यवस्थापक पंडित बृजेश द्विवेदी ने बताया कि इसी क्रम में आज रविवार को उनके निज निवास सनराइज मेगासिटी से 75 कोपियों का वितरण लेखन हेतु किया गया। इस अवसर पर निशुल्क कॉपी प्राप्त करने वालों में रामरतन तिवारी, सतीश पांडे, सौरभ तिवारी, नमन द्विवेदी, आदर्श तिवारी, रमाकांत विदुआ, अनिल द्विवेदी, मोहित उपाध्याय, आदित्य गुरू आदि शामिल थे।




### डीपीसी में किया टी-शर्ट पेंटिंग का आयोजन

**सागर।** विद्यार्थियों की कला एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया में टी-शर्ट पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रंग के साथी ग्रुप के मु. असरार अहमद और अंशिता बजाज के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। जिसमें विद्यालय के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के 40 छात्रों ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने बच्चों को रंग संयोजन, ब्रश स्ट्रोक्स, डिज़ाइन निर्माण तथा कार्टून, पक्षियों के आकर्षक चित्र उकेरने एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के गुर सिखाए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कल्पनाशक्ति को रंगों के माध्यम से टी-शर्ट पर उकेरा।

मध्यप्रांत कृषि यंत्र निर्माता संघ ने किया पूर्व गृहमंत्री सिंह का सम्मान

# प्रदेश के कृषि यंत्र निर्माता खुरई में उद्योग लगाएं: भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मध्यप्रदेश से आये कृषि यंत्र निर्माताओं से आग्रह किया है कि खुरई में आकर उद्योग लगायें। खुरई में उद्योग स्थापना की सभी अधोसंरचना उपलब्ध हैं, यहां आदर्श स्थिति है और यह शांति का टापू है। यहां आपको उद्योग लगाने में सभी सुविधाएं उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने मध्यप्रांत कृषि यंत्र निर्माता संघ के 8 सूत्रीय मांग पत्र पर आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया।

मध्यप्रांत कृषि यंत्र निर्माता संघ की वार्षिक आम सभा के अवसर पर पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह का संघ द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि इस आयोजन से खुरई, प्रदेश और देश के विकास पर मंथन होगा। खुरई में लगभग 75 छोटे बड़े कृषि यंत्र निर्माण के कारखाने हैं। खुरई इस क्षेत्र में न केवल मध्यप्रदेश बल्कि देश का एक हब है। हम चाहते हैं कि खुरई देश में एक ऐसा केन्द्र बने कि पूरे देश में खुरई के कृषि यंत्रों की अधिक से अधिक मांग हो। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भविष्य का खुरई एग्रीकल्चर में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण केन्द्र बनने वाला है। तब सिर्फ मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में खुरई के कृषि यंत्रों की और मांग बढ़ेगी। हम सब जानते हैं कि खुरई, बीना की कृषि भूमि बहुत उपजाऊ है। खुरई विधानसभा क्षेत्र को सिंचाई परियोजना के क्षेत्र में तीन बड़ी उपलब्धि बीना नदी परियोजना, उल्दन बांध, हनोता परियोजना मिली हैं। जिनसें खुरई, बीना क्षेत्र में 70 हजार हेक्टेयरमें सिंचाई होगी। केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखंड के 10 जिलों को लाभ होगा। जिससे बुंदेलखंड क्षेत्र आर्थिक रूप से समृद्ध होगा और बुंदेलखंड में खुरई के कृषि यंत्रों की मांग बढ़ेगी। आने वाले तीन साल में कम से कम दो सौ इंडस्ट्री खुरई में होंगी।




भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अगर एप्रोच की दृष्टि से देखें तो आज खुरई के चारों तरफ सागर, बीना, एनएच से कनेक्टीविटी है। अभी दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री गड़करी से मिलकर अनुरोध किया है कि खिमलासा-राहतगढ़ रोड़ को एनएच में शामिल किया जाये। खुरई के आस पास अनेक ओवर ब्रिज बन चुके हैं बाकी जल्द ही पूरे हो जायेंगे। हमारे यहां 50 हजार करोड़ की रिफायनरी बीना में बनी हुई है और एक और रिफायनरी का काम चल रहा है। बीना रिफायनरी का जो भी विस्तार होगा उसका लाभ खुरई को मिलेगा। इस तरह औद्योगिक, और रोजगार, कनेक्टिविटी, एजुकेशन, एग्रीकल्चर आदि की दृष्टि से उपयुक्त खुरई में आकर लोग उद्योग लगायेंगे। उन्होंने कहा कि खुरई मध्य प्रदेश का ऐसा पहला विधानसभा क्षेत्र है, जहां पर हमने लैंड बैंक बनाया है। खुरई क्षेत्र में जितनी शासकीय भूमि उपलब्ध है उतनी सागर जिले में कहीं पर नहीं है। इस तरह जो भी इंडस्ट्री आना हैं वह खुरई में आना है। छोटे कारखानों के लिए भी हमने 35 प्लॉट बनाये है। हमारी योजना है कि एक बड़े क्षेत्र को इंडस्ट्रीयल एरिया बनायें। उद्योग लगाने सारी सुविधाओं के साथ जमीन उपलब्ध करायें।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि खुरई रेलवे स्टेशन पर अभी डम्पिंग रैक की सुविधा नहीं है जिसके लिये उन्होंने रेल मंत्री से अनुरोध किया है। इससे खुरई मंड़ी में और आवक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि एक जिला एक उत्पाद सरकार की योजना है। उसमें हमारे खुरई का कृषि यंत्र निर्माण शामिल किया गया है। हमने बीना-खुरई-सागर को इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर घोषित कराया है। सड़क के किनारे जितनी भी जमीनें है वे इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के लिये आरक्षित हैं। खुरई में 24 घंटे पावर सप्लाई है, बीना नदी परियोजना से भी पावर जनरेट होना हैं। पावर सेक्टर में मध्यप्रदेश सरप्लस है। कृषि यंत्र निर्माण में वेट पहले ही फ्री करा दिया है। खुरई में कच्चे लोहे का डिपो बन जाए इसके लिये भी हम प्रयास कर रहे हैं। इससे छोटे कृषि यंत्र निर्माताओं को सहूलियत होगी और कृषि यंत्र कुछ सस्ते होंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिये अधोसंरचना के साथ एक और जरूरी चीज जो होती है वह है कानून व्यवस्था। आज हम ये कह सकते हैं कि हमारा खुरई शांति का टापू है। उद्योग स्थापना की दृष्टि से खुरई में एक आदर्श स्थिति है। हमारी यह भी योजना है कि साल दो साल में खुरई, बीना में हवाई पट्टी बनायें। इससे हमारे यहां पर और तेजी से औद्योगिक निवेश आयेगा। सिंह ने कहा कि खुरई क्षेत्र में विकास की दृष्टि से जो संभावनायें हैं, वे अन्य क्षेत्र में नहीं है। खुरई का एक नाम है, एक ब्रांड है।

## अतिरिक्त संचालक कार्यालय द्वारा जिले के प्राचार्यों व प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अतिरिक्त संचालक, सागर संभाग के कार्यालय द्वारा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में जिले के शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्योंएवं प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सागर जिले के 21 शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी आर. के. गोस्वामी, एवं डॉ. भावना यादव द्वारा विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. दुबे ने कहा कि सभी महाविद्यालय शासन द्वारा मांगी गई जानकारी को समय पर एवं त्रुटिरहित रूप में प्रेषित करें। उन्होंने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित प्राचार्यों के प्रति असंतोष भी व्यक्त किया और उपस्थित प्राचार्यों को हर महत्वपूर्ण बिंदु पर स्पष्ट मार्गदर्शन दिया। आर. के. गोस्वामी ने छात्रवृत्ति, सीएम हेल्पलाइन, प्रथम से चतुर्थ पदों की जानकारी, न्यायालयीन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरण, सार्थक उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सत्र 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल खुला है, अतः सभी महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि तीन दिवसों के भीतर एससर, एसटी एवं ओवीसी वर्ग के सभी प्रवेशित विद्यार्थियों का डेटा पोर्टल पर अपलोड हो जाए। साथ ही, जिन विद्यार्थियों ने आवेदन कर दिया है, उनके आवेदनों का तत्काल सत्यापन किया जाए। किसी भी महाविद्यालय के पास छात्रवृत्ति आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए।



सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतों के निराकरण में भविष्यवाणीपूर्ण टिप्पणियां दी जाएं। छात्रवृत्ति से संबंधित शिकायतों के निराकरण में यह अवश्य जांचें कि विद्यार्थी का डेटा पोर्टल पर है या नहीं, आवेदन किया गया है या नहीं, और वह किस स्तर पर लंबित है। चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को इनेबल करने के लिए उनका प्रवेश क्रमांक जोड़ना एवं उनकी फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना अनिवार्य है, तभी वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। डॉ. भावना यादव ने नैक मूल्यांकन, निर्माण कार्य, सीखो-कमाओ योजना, स्वयं योजना, रिसर्च गाइड, एईडीपी पाठ्यक्रम, ऑनलाइन प्रवेश, एनसीसी, एनएसएस, पुस्तकालय, एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा भेजे गए कार्यक्रमों के आयोजन के तुरंत बाद संबंधित प्रतिवेदन तैयार रखना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी है, ताकि मांगने पर तत्काल जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। बैठक के अंत में उपस्थित प्राचार्यों से सुझाव एवं अपेक्षाएं आमंत्रित की गईं।

### आधा अतिक्रमण हटाया और अमले के जाते ही दुकानदारों नें पुनः दुरुस्त किए टीनशेड

# नपा अमले ने सीएमओ निर्देश के पालन में की लापरवाही, अतिक्रमण कार्रवाई में खानापूर्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के मुख्य अस्पताल चौराहे पर दुकानदारो द्वारा दुगनी जमीन पर किये गये जबरदस्त अतिक्रमण की बजह से बेहद संकरी हो चुकी सड़क की बजह से लगातार हो रही जानलेवा दुर्घटनाओ को देखते हुए नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा नपा अमले को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गये थे। लेकिन सीएमओ भदौरिया के उक्त निर्देशों पर उदासीन रवैया अपनाते हुए नपा अमले ने दुकानदारों का आधा अतिक्रमण हटाया।

और उक्त आधे अतिक्रमण हटाने के बाद नपा अमले के जाते ही दुकानदारों नें पुनः अपने टीनशेड दुरुस्त करना शुरू कर दिया। जिससे उक्त अतिक्रमण अभियान औचित्यहीन होकर सिर्फ खानापूर्ति करना ही साबित हुआ। हालांकि नपा सीएमओ भदौरिया को ज़ब उक्त खानापूर्ति कार्यवाही की जानकारी दी गई तो उन्होंने पुनः कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया है।

### 10 फुट की दुकान लेकिन अतिक्रमण किया गया 27 फुट पर

*जानकारों के अनुसार अस्पताल चौराहे पर स्थित नास्ता की दुकानों व मेडिकल दुकानों की वास्तविक सीमा 10 फुट की है। इसके बाद 7 फुट की गैलरी है, जिसपर पक्का अतिक्रमण करके दुकान बढ़ाकर शटर लगाई गई। इसके बाद 15 फुट पर अतिक्रमण करके टीनशेड लगाया गया। और उसके बाद 5 फुट आगे बढ़कर काउंटर रखा गया है। इस प्रकार दुकानदारो नें 10 की दुकान के अलावा 27 फुट अतिक्रमण किया गया है। जिसकी बजह से दुकानदार डामर सड़क के मुहाने तक पहुंच गये हैं। जिसकी बजह से सड़क पर अधिकांशतः जाम की स्थिति बनी रहती है। अगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाकर दुकान को वास्तविक स्थिति तक पहुंचा दिया जाये तो अस्पताल चौराहे पर जाम की स्थिति बनना पूर्ण रूप से बंद हो जाएगी। दुकान की बास्तविक स्थिति बंद दुकान की फोटो में प्रदर्शित हो रही है।*

### आप फोटो भेजिए

अतिक्रमण हटाने के समय मैं मौके पर नहीं था। आप मुझे फोटो व वीडियो भेजिए। मैं कार्रवाई करवाता हूं।

**ओमपाल सिंह भदौरिया, सीएमओ, नगर पालिका टीकमगढ़**

### पार्किंग की जगह काउंटर और सड़क पर पार्किंग



*दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण की भयावयता समझने के लिये इस तरह समझिये की जहाँ सामान लेने के लिये ग्राहकों के खड़े होने की जगह है बहाँ पक्का अतिक्रमण कर शटर लगा ली गई। और जहाँ गाड़ी पार्क करने की जगह है, बहाँ दुकानदारों द्वारा कब्जा कर टीनशेड लगा लिया गया। और जहाँ पैदल चलने के लिये फुटपाथ है, बहाँ दुकानदारों नें काउंटर रख लिये। इस तरह डामर सड़क के मुहाने तक अतिक्रमण कर लिया गया। और सड़क पर ठेले लगाकर सड़क की चौड़ाई भी आधी कर सड़क को वनवे बना दिया गया। फोटो में दिख रहा है कि ग्राहक को अपनी कार सड़क पर ख़डी करणी पड़ रही और वाइक को फुटपाथ पर खड़ा किया गया है।*

### अतिक्रमण कार्रवाई में आधा-अधूरा औचित्यहीन कार्य




*नपा सीएमओ भदौरिया द्वारा नपा अमले को निर्देशित कर अस्पताल चौराहे पर अतिक्रमण हटाने के लिये भेजा। सुबह 11 बजे जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई लेकिन यह कार्यवाही आधी की गई। क्योंकि नपा अमले द्वारा सिर्फ 15 फीट का अतिक्रमण हटबाया गया। और ज़ब नपा अमला कार्यवाही करके चला गया तो उसके तुरंत बाद दुकानदारो नें पुनः टीनशेड दुरुस्त करना प्रारंभ कर दिए। जिससे 10 फीट पर पुनः अतिक्रमण किया जा रहा है। मतलब नपा अमले नें मात्र 5 फुट का अतिक्रमण हटाया जो कुछ समय बाद ही दुकानदारों द्वारा पुनः कर लिया जायेगा। मतलब स्थिति जस की तस रहने बाली है। अतिक्रमण हटते ही पुनः टीनशेड दुरुस्त करता हुआ दुकानदार फोटो में दिख रहा है।*

### 342 वाहन किए चैक, 50 चालकों पर गिरी गाज, वसूला जुर्माना

## ब्लैक फिल्म व नियम तोड़ने वालों पर चला यातायात पुलिस का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



त्योहारों से पहले पुलिस ने जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा पर अपनी पकड़ मजबूत करना प्रारंभ कर दिया है। पुलिस ने संपूर्ण जिले में बड़े स्तर का वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जिसने यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों की नींद उड़ा दी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के आदेश पर शुरू हुई उक्त सख्त कार्रवाई का असर पूरे शहर और सीमावर्ती इलाकों में साफ देखा गया। जगह-जगह पुलिस तैनात रही और हर संदिग्ध वाहन को रोका गया। चेकिंग अभियान की कमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ने संभाली, जबकि जिले के सभी थाना प्रभारी अपने-अपने इलाकों में चौराहों पर सख़्त नज़र रखे रहे। दिनभर चली इस कार्रवाई में पुलिस ने 342 वाहनों को बारीकी से खंगाला। ब्लैक फ़िल्म लगे वाहनों पर तत्काल एक्शन लिया गया, वहीं बिना हेलमेट बाइक चला रहे युवाओं और बिना सीट बेल्ट कार दौड़ाने वालों को भी नहीं बख्शा गया। नतीजा यह रहा कि 50 चालकों पर चालान की गाज गिरी और मौके पर ही चालान काटा गया। इस चालानी कार्यवाही में कुल 16 हजार 800 रूपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस की कार्रवाई यहीं नहीं रुकी, वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा और परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र तक की गहन जांच की गई। संदिग्ध और प्रतिबंधित सामग्री की तलाशी भी ली गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने साफ चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों को त्योहारों के नाम पर कोई छूट नहीं मिलेगी।

## अभद्र टिप्पणी से नाराज जैन समाज ने अस्पताल चौराहे पर किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मुनि सुधासागर महाराज के बिरुद्ध अभद्र टिप्पणी से नाराज जैन समाज के लोगों ने रविवार को गांधी चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का कारण ब्रह्मचारिणी रेखा दीदी द्वारा मुनि सुधासागर महाराज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी रही। जैन समाज के प्रतिनिधि नितिन जैन ने बताया कि रेखा दीदी ने आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के शिष्य मुनि सुधासागर महाराज के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया। इस बयान से देशभर के जैन समाज में रोष व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान समाजसेवियों और महिलाओं ने गांधी चौक पर पुतला लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि रेखा दीदी पहले भी कई बार मुनियों के विरुद्ध गलत बयानबाजी कर लोगों को धर्म से भटकाने का प्रयास कर चुकी हैं। जैन समाज ने रेखा दीदी से मुनि महाराज से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि माफी न मांगने की स्थिति में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त प्रदर्शन के दौरान गुलाब चंद जैन, अमित जैन, राजा कारी, नितिन टड़ेया, कैलाश चंद जैन आदि रहे मौजूद।

### दो जिलों के विद्युत ठेकेदार अब एक मंच पर, रोहित नगाइच को मिली कमान

## ठेका प्रक्रिया की अड़चनों, भुगतान में देरी के विरुद्ध अब संगठन उठाएगा आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



नगर के एक स्थानीय होटल में रविवार को आयोजित हुई विद्युत ठेकेदारों की ऐतिहासिक बैठक ने टीकमगढ़ और निवाड़ी दोनों जिलों के ठेकेदारों को एक सूत्र में पिरो दिया। लंबे समय से बिखरे हुए ठेकेदारों को एकजुट करने के प्रयास आखिरकार रंग लाए और सर्वसम्मति से संयुक्त कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में प्रदेश संगठन ने ठेकेदारों के विश्वास और सहयोग को देखते हुए रोहित नगाइच को कार्यकारिणी का अध्यक्ष नियुक्त किया। अध्यक्ष पद संभालते ही नगाइच ने साफ शब्दों में कहा कि यह कार्यकारिणी केवल नाम भर की नहीं होगी, बल्कि ठेकेदारों की वास्तविक समस्याओं और हितों के लिए लड़ाई लड़ने वाली कार्यकारिणी होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करेगा और हर सदस्य की आवाज़ को महत्व दिया जाएगा। बैठक का माहौल पूरी तरह उत्साहपूर्ण रहा। जहाँ ठेकेदारों ने एक स्वर में कहा कि समय की माँग यही है कि हम सब मिलकर ठेकेदारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और समान अवसर की गारंटी सुनिश्चित करें। चर्चा के दौरान ठेकेदारों ने यह भी स्पष्ट किया कि ठेका प्रक्रिया में बार-बार आने वाली अड़चनों, भुगतान में होने वाली देरी और तकनीकी परेशानियों को दूर करने के लिए संगठन एकजुट होकर आवाज़ उठाएगा। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी का भी ऐलान हुआ जिसमें संरक्षक की जिम्मेदारी डी.के. शर्मा को सौंपी गई, वहीं मनमोहन प्रजापति को महामंत्री और मनीष सोनी तथा भारत भूषण गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा सचिव संकेत रावत, कोषाध्यक्ष गिरिराज सिंह, सह सचिव कमलेश राजपाली और राहुल कुशवाहा, मंत्री मृदुल पस्तौर व ओमप्रकाश प्रजापति सहित कई नए चेहरों को जिम्मेदारियाँ दी गईं। मीडिया की कमान प्रियंक जैन को और सोशल मीडिया की जिम्मेदारी अभिषेक अवस्थी को सौंपकर संगठन ने आधुनिक समय की जरूरतों पर भी फोकस किया है। बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि ठेकेदारों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए वे मिलकर संघर्ष करेंगे और संगठन की ताकत को किसी भी हालत में कमजोर नहीं होने देंगे।

## 48 घंटे से जिले में झमाझम और रिमझिम बारिश जारी मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में पिछले 48 घंटे से लगातार रिमझिम बरसात का दौर जारी है। बीते 24 घंटे में जिले भर में औसतन 0.5 इंच वर्षा दर्ज की गई, जबकि मोहनगढ़ तहसील में सर्वाधिक 2 इंच बारिश रिकार्ड हुई। बल्देवगढ़ और पलेरा तहसीलों में आधा इंच वर्षा दर्ज की गई। लगातार बारिश से मौसम सुहाना हो गया है और तापमान में भी गिरावट आई है। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार आगामी समय में 65 से 75 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही 1.5 इंच तक बारिश होने की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार 1 जून से 23 अगस्त तक जिले में 47.9 इंच औसत वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य औसत 40 इंच से 7.9 इंच अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में मात्र 30.7 इंच वर्षा हुई थी। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 17.2 इंच अधिक वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार अब तक पलेरा तहसील में सर्वाधिक 66.52 इंच वर्षा हुई है। इसके अलावा टीकमगढ़ में 59.28 इंच, मोहनगढ़ में 56 इंच, खरगापुर में 47.5 इंच, बल्देवगढ़ में 45 इंच, जतारा में 41.5 इंच, लिधौरा में 40.8 इंच और बड़ागांव में 32.1 इंच बारिश दर्ज की गई है।

### तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार करने को मजबूर लोग, कलेक्टर ने दिया अल्टीमेटम

## नेताओं के विकास रूपी दावों पर करारा तमाचा मारती शर्मनाक फोटो आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



विकास के बड़े बड़े दावे करते न थकने बाले राजनैतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों के दावो पर करारा तमाचा जड़ती हुई एक फोटो ग्राम मातौल से सामने आई है। जहाँ आज़ादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी एक मुक्तिधाम तक नहीं बन सका। जिसकी बजह से ग्रामीणों को वारिश के चलते तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार की क्रिया करनी पड़ रही है। यह शर्मनाक तस्वीर सामने आते ही संवेदनशील कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय नें तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियो को फटकार लगाते हुए उक्त स्थान पर मुक्तिधाम बनाने के लिये मात्र 2 दिन का अल्टीमेटम दे दिया है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से ग्राम मातौल के ग्रामीणों को भी दो दिन में मुक्तिधाम बनाने का आश्वासन दिया है। जिले की ग्राम पंचायत मातौल बुनियादी सुविधा मुक्तिधाम से वंचित है। गांव में आज तक श्मशान भूमि का निर्माण नहीं हो सका है, जिसके चलते अंतिम संस्कार की प्रक्रिया करना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। वर्तमान समय में वारिश के दौरान 87 वर्षीय रामस्वरूप तिवारी के निधन के बाद जिले के नेताओं के लिये तब शर्मनाक तस्वीर सामने आई ज़ब रविवार को रामस्वरूप का अंतिम संस्कार किया जाना था लेकिन लगातार हो रही बारिश के बीच परिजनों और ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। स्थिति यह रही कि बारिश से बचाने के लिए चिता के ऊपर तिरपाल डालकर अंतिम संस्कार करना पड़ा। गांव के निवासी लाखन सिंह ने बताया कि बचपन से लेकर आज तक उन्होंने गांव में श्मशान भूमि या मुक्तिधाम बनते नहीं देखा। कई बार चुनाव हुए, अलग-अलग लोग सरपंच बने, लेकिन किसी ने इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। उनका कहना है कि बरसात हो या भीषण गर्मी, हर बार अंतिम संस्कार करने के दौरान ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल मुक्तिधाम बनाने की मांग करते हुए कहा कि जिस तरह गांवों में प्राथमिक सुविधाएं जैसे आंगनवाड़ी, हैंडपंप या सड़क बनाई जाती हैं, उसी तरह मुक्तिधाम भी जरूरी है। अंतिम संस्कार में होने वाली असुविधा न केवल परिजनों के लिए दुखदायी होती है, बल्कि पूरे गांव के लिए अपमानजनक स्थिति पैदा करती है। उक्त मामला वायरल होते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तत्काल संबंधित अधिकारियो को इस शर्मनाक स्थिति के लिये फटकार लगाई। साथ ही सोशल मीडिया के द्वारा ग्रामीणों को दो दिन में मुक्तिधाम बनाये जाने का आश्वासन भी दिया। इसके बाद जनपद पंचायत सीईओ मनीष शेंडे ने कहा है कि उक्त मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्वीकार किया कि यह गंभीर चूक है कि इतने वर्षों में गांव में मुक्तिधाम का निर्माण नहीं हुआ। इस संबंध में सरपंच और सचिव से जवाब-तलब किया जाएगा और जल्द ही गांव में मुक्तिधाम बनाने की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

### फर्जी बैंककर्मी बनकर एफडी फ्रॉड वाले साइबर क्राइम से रहें सचेतः एसपी मंडलोई

# बैंक खाते में जमा पैसों की एफडी बनाकर फ्रॉड होने के संबंध में की एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

साइबर क्राइम के बदलते तरीको में अब बैंक में जमा पैसो से एफडी फ़्रॉड किये जाने का नया साइवर क्राइम तरीका सामने आ रहा है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा एडवाईजरी जारी की गई है। जिसमे साइवर क्राइम से संबंधित बारिकियो को उजागर करते हुए उनसे बचने के तरीके भी बताये गये है।

एसपी मंडलोई द्वारा जिलेवासियों को साइबर अपराध से बचने के लिये जिला स्तरीय साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। साथ ही साइबर अपराधियों के नए तरीकों से सतर्क करने हेतु साप्ताहिक साइबर सुरक्षा एडवाइजरी भी जारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई नें आमजन से अपेक्षा की है कि आज प्रसारित इस एडवाइज़री में बताई गई कार्यप्रणाली एवं सावधानियों को समझकर लोग जागरूक बनेगे।




### साइबर अपराधियों का नया तरीका

*एसपी मंडलोई ने एडवाईजरी जारी करते हुए बताया कि वर्तमान में सायबर अपराधियों द्वारा बैंक के ग्राहकों के इंटरनेट बैंकिंग एप की जानकारी को इस्तेमाल कर पैसा फ्रॉड किया जा रहा है । किसी माध्यम से लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर उनके द्वारा अकांउट में से कुछ राशि की ईटीडीआर अथवा फिक्स डिपाजिट कर दी जाती है। इस प्रक्रिया में ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती। इसमें आपके बैंक खाते से रुपये कट कर एक नया एफडी खाता बन जाता है और बैलेंस में उतने रुपये कम दिखाई देते है। एफडी के बनने से संबंधित एसएमएस आपके मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होता है जिसमें ईटीडीआर और ईएसटीडीआर के साथ एफडी की राशि का उल्लेख होता है। जिसे पढने पर ऐसा प्रतीत होता है कि आपके खाते से उक्त राशि निकाल ली गयी है। इसी संदर्भ में ठगों द्वारा फोन कॉल पर बैंककर्मी बनकर खाते संबंधी डिटेल्स बताते हैं, जिससे आपको विश्वास हो जाता है कि वह बैंककर्मी ही हैं। फिर ऐसा कहते हैं कि डेबिट रोकने के लिए आपको आगे प्रोसेस करके पैसा रुकवाना होगा। फिर रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर आये ओटीपी को पूछते हैं, और जैसे ही आप अपना ओटीपी बताते हैं, आपके खाते से शेष राशि धोखाधडी पूर्वक निकाल ली जाती है। इस संबंध में एसबीआई ने भी ग्राहकों के लिए अलर्ट जारी किया है।*

### इन विशेष सावधानियों को अपनाकर किया जा सकता है बचाव

*एसपी मंडलोई ने बताया कि उक्त साइवर क्राइम से बचने से संबंधित सावधानियों को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि बैंक स्टेटमेंट में ईटीडीआर और ईएसटीडीआर के रुप में डेबिट हुई राशि असल में डेबिट नहीं होती है, और खाते में ही रहती है। ईटीडीआर और ईएसटीडीआर का मतलब होता है राशि एफडी के रुप में आपके बैंक अकाउंट में सुरक्षित है। इसलिए फोन पर किसी भी हाल में ओटीपी, सी व्ही व्ही, एक्सपायरी डेट तथा डेट ऑफ़ बर्थ की जानकारी शेयर ना करें। सदैव बैंक से प्राप्त होने वाले मैसेज को ठीक से पढ़ें, समझ न आने पर किसी जानकार व्यक्ति या बैंक जाकर बैंक अधिकारियों की मदद लें, क्योंकि खाते की राशि को फिक्स्ड डिपाजिट टीडीआर और एसटीडीआर करने के लिये ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती। इसी का फायदा उठाकर ठगी करने वाला ब्यक्ति आपकी इंटरनेट बैंकिंग को एक्सेस कर राशि की एफडी बना देते हैं, जो बैंक स्टेटमेंट में भी डेबिट दिखाता है।*

### ऑनलाइन बैंकिंग सिस्टम को लेकर होते रहें अपडेट

*एसपी मंडलोई नें बताया कि यदि आप ऑनलाइन बैंकिंग उपयोग करते हैं तो समय समय पर उसका पासवर्ड बदलते रहें। अपने पासवर्ड को मन में याद रखें, किसी के सांथ साझा न करें और न ही उसे कहीं लिख कर रखें। कभी भी किसी भी प्रकार के ओटीपी को किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। क्योंकि कोई भी बैंक आपसे आपका ओटीपी नहीं पूछता। साथ ही किसी भी प्रकार के अंजान मेल अथवा मैसेज पर प्राप्त लिंक पर विश्वास न करें, और न ही ऐसी लिंक के माध्यम से खुले वेब पेजों पर अपनी निजी व बैंक अकाउंट संबंधी जानकारी डालें।*

### साइबर अपराध होने पर तत्काल करें इन सुरक्षा नंबरों पर संपर्क

*एसपी मंडलोई नें बताया कि अगर कोई गलती होने पर आप साइवर क्राइम के शिकार हो भी जाते है तो बिना देरी किये राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930, शिकायत पोर्टल, एनसीआरपी पोर्टल, नजदीकी थाना में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क व जिला साइबर सेल से संपर्क करें। क्योंकि जितनी शीघ्रता से आप इन सुरक्षा उपायों का उपयोग करेंगे। उतना ही नुकसान कम होने की आशा रहती है। क्योंकि पुलिस को अपनी कार्यवाही करने और उसकी सफलता की गुंजाईश बढ़ने की आशा रहती है।*

## नाचते झूमते पैदल यात्री शाम को पहुंचे क्षेत्रपाल बाबा के दरबार

# जयकारों के साथ पैदल यात्रियों ने चढ़ाया झंडा, बाबा से मांगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोंई क्षेत्र के ग्रामीणों ने रविवार को ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा निकाली और बाबा के दरबार में झंडा चढ़ाकर जिले के ग्रामीणों को खुशहाल बनाने और क्षेत्र में सुख शांति बनाए रखने की कामना की। पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला-पुरूष और युवा शामिल हुए। जो नाचते झूमते और बाबा के जयकारे लगाते हुए पैदल यात्रा में चल रहे थे।

श्री क्षेत्रपाल बाबा पैदल यात्रा समिति सोंईकलां के बैनर तले हर साल सोंई क्षेत्र के लोग क्षेत्र की सुखशांति और समृद्धि के लिए जन-जन की आस्था के केन्द्र श्री क्षेत्रपाल बाबा जैनी की पैदल यात्रा निकालकर झंडा चढ़ाते है। इस वर्ष 10 वीं पैदल यात्रा थी। यह पैदल यात्रा रविवार की सुबह सोंईकलां के गांवघेर के हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई। गाजेबाजे के साथ रवाना हुई यह पैदल यात्रा गुरनावदा, कोटरा, शंकरपुर, मेवाड़ा, बहरावदा, सरोदा होकर मानपुर पहुंची। पैदल यात्रा में बडी संख्या में धर्मप्रमी लोग शामिल हुए। जो भजनों पर नाचते और झूमते पैदल यात्रा में चल रहे थे। रास्ते में कई स्थानों पर धर्मप्रेमी ग्रामीणो के द्वारा पैदल यात्रियों का स्वागत सत्कार भी किया गया। मानपुर होते हुए यह पैदल यात्रा शाम को ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दरबार में पहुंची। जहां विधिवत बाबा की पूजा अर्चना करते हुए जयकारों के साथ झंडा चढाकर पैदल यात्रा का समापन किया और बाबा से क्षेत्र को सुखसमृद्ध बनाने और लोगों को खुशहाल बनाने की प्रार्थना की।





### जैनी के ग्रामीणों ने पदयात्रियों के लिए आयोजित किया भंडारा

पैदल यात्रा में शामिल होकर श्री क्षेत्रपाल बाबा के दरबार में पहुंचे पदयात्रियों के लिए ग्राम जैनी के ग्रामीणों के द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। झंडा चढ़ाने के बाद सभी पदयात्रियों ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण की। इसके पूर्व पैदल यात्रियों का जगह-जगह ग्रामीणों के द्वारा स्वागत सत्कार भी किया गया।

## समिति द्वारा 51 किलो गेहूं और 1100 रुपए नीलकंठ समिति को की भेंट

# श्री भागवत परमार्थ समाज कल्याण समिति ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्री भागवत परमार्थ समाज कल्याण समिति द्वारा नीलकंठ वैदिक गुरुकुलम श्योपुर मे अध्यापन करने वाले वटुक्रो का रविवार को सम्मान कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम मे सबसे पहले मा सरस्वती एंव भारतमाता के समक्ष अथितियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया बच्चों के द्वारा स्वस्ति वाचन कर सबका मन मोह लिया तत्पशयत नीलकंठ वैदिक गुरकुल समिति के महानुभावो द्वारा सभी आंगनतुक लोगो का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया जिसके उपरांत श्री भागवत परमार्थ समिति के द्वारा सभी वटुको क्रो उपयोगी वस्त्र एंव दैनिक उपयोगी सामान प्रदान कर सम्मान किया गया और समिति द्वारा 51 किलो गेहूं और 1100 रूपये नीलकंठ समिति क्रो भेंट की 1

बच्चों के द्वारा संस्कृत मे अपनी प्रस्तुति दी गई जिसमे वेदो के मंत्र, गीता के श्लोक आदि थे कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलकंठ वैदिक गुरकुलम के अध्यक्ष भरत जी शर्मा द्वारा कि गईं एंव मुख्य अथिति पंडित राधारमन शास्त्री द्वारा कि गईं 1 एंव विशेष अथिति समाज सेवी जे पी धाकड़ द्वारा कि गईं मुख्य अथिति श्री भागवत परमार्थ समिति के अध्यक्ष पंडित राधारमन शास्त्री जी ने अपने उधबोधन मे कहा है कि भागवत परमार्थ समिति सामाजिक क्षेत्र मे कार्य करती है गर्मियों मे पक्षियों के लिये सेंकड़ो सकोरे, लगवाये, गयो एंव पशुओ के लिये पानी कि 20 टंकी रखी गईं,मंदिरो कि सफाई, गरीबो क्रो भोजन, वस्त्र दान, पौधरोपण आदि उत्कृष्ट काम किया है आज उसी कड़ी मे बच्चों क्रो सम्मान कर रहे है मनुष्य का जीवन सेवा के लिये है इसीलिए हमें किसी भी रूप मे सेवा करते रहना चाहिए 1 और हमें स्वदेसी वस्तुओ का उपयोग करना है हमें भारत क्रो मज़बूत बनाना है यह बच्चे बड़े होकर अच्छे नागरिक बनेगे और समाज ओर देश कि सेवा करेंगे 1 हम सबको मिलकर और आपसमे सहयोगी बनना है ताकि यह गुरुकुलम आगे बढ़ सके 1 आभार हरिओम शरण जी ने किया इस अवसर पर राष्ट्रीय गौशाला के अध्यक्ष किम्मी गोतम,सेवा भारती के सचिव प्रद्युमन शर्मा, चिंतहरण हनुमान मन्दिर के पूर्व अध्यक्ष सुरेश जी जाट, विद्याभारती से इंद्रप्रकास जी गौतम, संस्कृत भारती से भुवनेश जी लक्षकार प्रतिष्ठ व्यवसायी प्रशांत जी गौतम, श्री भागवत परमार्थ समिति के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम अजय जी शर्मा, जगदीश जी जाट, चंद्रप्रकाश , हरिओमशरण जी, हिमांशु जी शर्मा, जे पी धाकड़ आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे 1

# दिमरछा गांव का रास्ता बंद, प्रसूता समेत 15 ग्रामीणों को एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लगातार बारिश से उफान पर आई कूनो नदी ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वीरपुर क्षेत्र के दिमरछा गांव के पास नदी का जलस्तर बढ़ने से गांव का मुख्य रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। इस दौरान गांव की एक महिला कृष्णा पत्नी लोकेन्द्र रावत की पहली डिलीवरी होनी थी। हालात बिगड़ते देख परिजनों ने वीरपुर थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर को सूचना दी।

सूचना मिलते ही टीआई गुर्जर ने तत्परता दिखाते हुए एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने बाढ़ग्रस्त इलाके में पहुंचकर महिला को सुरक्षित रेस्क्यू किया और एंबुलेंस की मदद से वीरपुर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उसका उपचार शुरू किया गया।

टीआई भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान पता चला कि गांव में करीब 15 अन्य लोग भी बीमार हालत में फंसे हुए हैं। इनमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल थीं। हालात को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम ने सभी को बारी-बारी से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद सभी बीमार ग्रामीणों को भी एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। एसडीआरएफ प्रभारी प्रमोद दंडोतिया ने बताया कि लगातार बारिश और नदी के तेज बहाव के कारण दिमरछा गांव का संपर्क पूरी तरह कट गया था। पानी का दबाव ज्यादा होने के चलते टीम को नाव और रस्सियों के सहारे रेस्क्यू करना पड़ा। करीब दो घंटे तक चले इस अभियान में सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

रेस्क्यू दल में एसडीआरएफ के प्रभारी प्रमोद दंडोतिया के साथ नवदीप शर्मा, पवन नामदेव, सुनील भूरिया और छविराम सक्रिय रूप से शामिल रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन और रेस्क्यू दल का आभार जताते हुए कहा कि समय रहते अगर मदद नहीं मिलती तो हालात गंभीर हो सकते थे।

# जलालुद्दीन रंगरेज समाज के नए अध्यक्ष निर्वाचित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समाजसेवी जलालुद्दीन खान रंगरेज समाज विजयपुर के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं उनका निर्वाचन रविवार को विजयपुर मुख्यालय स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित समाज की बैठक में सर्व सम्मति से किया गया। इस बैठक में विजयपुर, वीरपुर, श्योपुर, सबलगढ़, जौरा, कैलारस, मुरैना के प्रतिनिधियों ने भी भागीदारी की।

अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित हुई समाज की बैठक में उपस्थित हुए सजातीय बंधुओ ने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने पर विचार विमर्श किया। बैठक में मौजूद जिम्मेदार लोगों ने बताया कि समाज को एकजुट करने और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए मुरैना शिवपुर, श्योपुर और धौलपुर, सवाई माधोपुर राजस्थान के जिलों को भी शामिल कर महा पंचायत जोड़ी जाएगी। इसके लिए पहले तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुरैना से लेकर श्योपुर तक सभी तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किया जा चुके हैं वहां तहसील स्तर पर समाज के अध्यक्ष निर्वाचित हो गए हैं जो अपने कार्यकारिणी घोषित कर सामाजिक उत्थान के लिए काम को आगे बढ़ाएंगे। इसके बाद जिला स्तरीय बैठक श्योपुर में आयोजित होगी बाद में मुरैना में राजस्थान एवं मध्य प्रदेश स्तर की महा पंचायत आयोजित की जाएगी जिसमें शादी ब्याह को आसान बनाने के लिए दहेज प्रथा खत्म करने वलीमा (शादी का खाना) में फिजूल खर्ची को रोकने मृत्यु भोज जैसी बुराई का खत्म करने सहित तमाम बुराइयों को खत्म करने के साथ शिक्षा का स्तर कैसे ऊंचा उठाया जाए इस बाबत ठोस निर्णय लिया जाएगा। जलालुद्दीन ने अपनी नियुक्ति पर समाज का आभार जताते हुए कहा कि जैसा बुजुर्ग मुझे निर्देश देने मे वैसे समाज सुधार के लिए काम करने में पीछे नहीं हटूंगा।

## सड़कों पर विचरण कर रहा निराश्रित गोवंश बना परेशानी

# नपा ने ढाई सैकड़ा गोवंश को छोड़ा जंगल में, लोग बोले झूठे हैं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विगत दिनों शांति समिति की बैठक में हुए हंगामे के बाद नगर पालिका में शहर में विचरण कर रहे आवारा मवेशियों खासकर निराश्रित गोवंश को घेर कर जंगल में छोड़ने का काम शुरू कर दिया है। इस क्रम में रविवार को सीएमओ आरआर यादव ने खुद दलबल सहित शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर बावंदा के आगे जंगल के भीतर मवेशियों को ले जाकर छोड़ा, नपा ने इस कारवाई की जानकारी सोसल मीडिया पर फोटो ओर वीडियो डालकर दी उधर सोशल मीडिया पर ही कुछ लोगों ने नगर पालिका की इस कार्रवाई की पोल खोलने वाली पोस्ट डालते हुए जंगल में ले जाए जा रहे मवेशियों को नागदा से लाकर छोड़ना बताया है।

विगत दिनों त्योहारों को लेकर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में शहर में विचरण करने वाले आवारा मवेशी खासकर निराश्रित गोवंश को शहर से हटाने को लेकर ऐसा विवाद हुआ कि अधिकारियों ने बैठक में त्यौहार पर चर्चा करने के बजाय गोवंश पर ही अधिक चर्चा करना शुरू कर दी। भाजपा नेता और श्री गोपाल गौशाला समिति के अध्यक्ष कैलाश नारायण गुप्ता एवं सीएमओ आरआर यादव के बीच इस दौरान मुंहवाद होता रहा। बाद में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को हस्तक्षेप कर सदस्यों को शांत कराना पड़ा। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर रविवार को सीएमओ आरआर यादव ने दलबल सहित शहर में मवेशियों को हांककर शहर से करीब 12 किमी दूर जंगलों में ले जाकर छोड़ने का काम किया लेकिन इस दौरान कई वीडियो सोशल मीडिया पर ऐसे भी वायरल हो रहे होते रहे जो इन मवेशियों को नागदा गांव के बताकर ग्रामीणों द्वारा ही छोड़े जाना बताया गया है हालांकि इसकी पुष्टि करना संभव नहीं है कि यह मवेशी नागदा के ही थे या नहीं लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट ने नगरपालिका की छवि जरूर खराब की है। सत्यभानू जाटव स्वास्थ्य ऑफिसर नपा द्वारा बताया गया कि नगर पालिका ने रविवार को शहर के विभिन्न बाजारों से मवेशियों को घेर कर शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर जंगल में लेजाकर छोड़ा है सीएमओ खुद इस अभियान में शामिल रहे जो जंगल तक मवेशियों को छोड़कर आए हैं यह अभियान जारी रहेगा।

## कभी भी गिरने के कगार पर पहुंची सरकारी और निजी बिल्डिंगें

# लगातार बारिश से भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जर्जर सरकारी और निजी भवनों के गिरने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर शहर में नगर पालिका ने वैसे तो करीब एक दर्जन स्थानों पर जर्जर भवन चिन्हित कर उन्हें उपयोग के लिए अवैध करार दिया हुआ है। यह भवन नगरपालिका के रिकॉर्ड में थे, लेकिन 2021 में आई सदी की भीषणतम बाढ़ के बाद इन भवनों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। सबसे अधिक खतरा पूर्व से जर्जर भवनों से हो गया है जो ऐसे जर्जर भवनों के पास मकान दुकान बनाकर रह रहे हैं, हालांकि इनमें से कई जर्जर भवनों का पुनर्निर्माण कराया जा चुका है लेकिन अभी भी कई भवन ऐसे हैं जो न सिर्फ गिरने के कगार पर हैं बल्कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में होने के चलते इनसे जनहानि का खतरा भी उत्पन्न हो रहा है। ऐसे भवनों को जनहित को ध्यान में रखते हुए गिराया जाना जरूरी है।

हाल ही में राजस्थान में एक स्कूल की छत गिरने से कुछ बच्चों की मौत के बाद जिले में भी ऐसे जर्जर भवनों खास कर सरकारी स्कूलों को चिन्हित करने के निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने दिए थे इस क्रम में जिले के 90 फीसद सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर मिली है जिनका मेंटेनेंस करने या उन्हें गिरा कर दोबारा बनाने की सिफारिश उसी स्कूल में पदस्थ शाला प्रमुखों ने दी है। यह तो उन भवनों की बात है जो 10-20 साल में बने हैं लेकिन ऐसे जर्जर भवन भी शहर में मौजूद है जो 100 सालों से अधिक समय पहले बनाए गए थे और अब भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गिरने के कगार पर पहुंच चुके हैं जिन्हें जनहित में गिराया जाना जरूरी है अन्यथा जनहानि संभव है।

### बीच बाजार में भवन कर रहा गिरने का इंतजारः

शहर के सबसे व्यस्त मार्केट गणेश बाजार में सब्जी मंडी के कॉर्नर पर एक बहुमंजिला भवन बना हुआ है। यह भवन जर्जर होकर कभी भी गिरने की स्थिति में है। नगरपालिका ने इस भवन पर जर्जर और मानवीय उपयोग के लिए भवन के जर्जर होने का बैनर लगाया हुआ है। आश्चर्य की बात यह है कि बीच बाजार में इस बहु मंजिला मकान का मालिक कोई ऐसा वैसा व्यक्ति नहीं बल्कि वैश्य समाज के सभी गौत्र व जातियों समूह है, जिसे सारी बारहनाथ के नाम से जाना जाता है।

### झूलता भवन डरे हुए पड़ोसी

वार्ड क्रं. 03 छारबाग मोहल्ला में घनी बस्ती के बीच बना बहुमंजिला मकान जर्जर होकर गिरने की कगार पर पहुंच गया हैं। इस भवन के गिरने से कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है। उक्त भवन स्वामी मानसिक रूप से विक्षिप्त होने से स्थिति और अधिक गंभीर हो गई हैं।

### रोज गिर कर दहशत फैला रही 500 साल पुरानी बिल्डिंग

मेन बाजार किला रोड पर सुबात कचहरी के नाम से 500 साल पुरानी बिल्डिंग जर्जर होकर न सिर्फ गिरने के कगार पर पहुंच चुकी है बल्कि भवन का हिस्सा आए दिन गिरता ही रहता है जिसके कारण बाजार में रहने वाले लोग दहशतजदा हैं। हालांकि इस भवन को प्रशासन ने बेच दिया है लेकिन जिस कंपनी ने इसे खरीदा है वह भी इसकी सुद नहीं ले रही है।

सभी जर्जर भवन चिन्हित कर लिए गए हैं जो भवन सरकारी है वहां पर लोगों की आवाज रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई है, वहीं जर्जर भवन मालिकों को भवन तोड़े जाने के नोटिस दिए गए हैं भवन नहीं तोड़े जाने पर नगर पालिका खुद तोड़कर संबंधित से हर्जा खर्चा वसूल करेगी।

**आरआर यादव**
सीएमओ श्योपुर

# हेमू ट्रक यूनियन जिलाध्यक्ष निर्वाचित, 13 साल बाद गठित हुई जिला कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर। समाजसेवी अहमद मेंव उर्फ हेमू ट्रक यूनियन के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनका निर्वाचन रविवार को आयोजित ट्रक यूनियन की बैठक में सर्व सम्मति से किया गया। जिले 13 साल बाद ट्रक यूनियन की कार्यकारिणी गठित हुई है। आयोजित हुई बैठक में ट्रक ऑपरेटरों को आ रही परेशानियों पर चर्चा की गई जिसमें निर्णय लिया गया जी यूनियन की 13 साल से सुप्त पड़ी कार्यकारिणी को निर्वाचन प्रक्रिया के तहत जीवित किया जाए। बैठक में हेमू भाई को सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर त्रिलोक, सचिव पद पर दिलीप दुबे, कोषाध्यक्ष पद पर विष्णु गुप्ता का निर्वाचन भी सर्वसम्मति से किया गया। मौके पर मौजूद सभी ट्रक ऑपरेटरों ने हेमू भाई और नवगठित कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया।



# सफाई कर्मियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन, ज्ञापन सौंप दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका में कार्यरत सफाईकर्मचारियों ने रविवार को लामबंद होकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन में विगत तीन माह से वेतन नही दिया जाने का उल्लेख करते हुए हडताल की चेतावनी दी गई है

रविवार को छुटटी होने के बाद भी स्वीक्रति लेकर ज्ञापन देने पहुंचे सफाई कर्मचारियों का वहां मौजूद अधिकारी ने ज्ञापन लेते हुए कलेक्टर को भेजने का आश्वासन दिया सफाई कर्मचारियों ने बताया कि वे इन दिनों 24 घंटे की डयूटी कर रहे हैं दिन में साफ सफाई तो नियमित हो ही रही है लगातार हो रही बारिश के कारण निर्मित हो रही बाढ जैसी स्थिति की सूचना देने और तत्काल सफाई कर जल निकासी करने के लिए दिन रात नदी नालों और चिंहित स्थानों पर डयूटी देना पड रही है इसलिए शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश के कारण ज्ञापन नहीं दिया जा सका कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें जून जुलाई अगस्त माह का वेतन नहीं दिया गया है सीएमओ फंड नहीं होने की बात बोल रहे हैं जबकि हाल ही में नई लग्जरी गाडी खरीदी गई है जबकि तीन गाडी पहले से मौजूद है फिर चौथी गाडी खरीदकर जनता के पैसों को बर्बाद करने की क्या तुक है सफाईकर्मचारियों ने वेतन नही देने पर अनिशिचित कालीन हडताल की चेतावनी दी है।

## खबर संक्षेप

### आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि आज

**शिवपुरी।** उद्यानिकी खाद्य प्रसंस्करण विभाग मप्र. भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर जिला रिसोर्स पर्सन के फेसिलेटर के रूप में कार्य करने हेतु प्राप्त आवेदनों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए इच्छुक आवेदकों को आमंत्रित किया गया है। उक्त योजना के अंतर्गत शिवपुरी जिले से कुल 04 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से निर्धारित योग्यताओं एवं अनुभव के आधार पर 02 आवेदकों को उपयुक्त पाया गया है। इन आवेदनों पर यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वे 25 अगस्त 2025 तक कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला शिवपुरी में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला रिसोर्स पर्सन हेतु योग्य पाए गए आवेदकों में रविन्द्र गुर्जर (गांगोली विकासखण्ड शिवपुरी), जिनकी योग्यता बीए. एवं डीपीआर बनाने का अनुभव है तथा महेश गुर्जर (गांगोली विकासखण्ड शिवपुरी), जिनके पास बीएससी कृषि स्नातक एवं डीपीआर बनाना का अनुभव है, शामिल हैं। सहायक संचालक उद्यान, शिवपुरी द्वारा बताया गया है कि नियमानुसार प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण उपरांत अंतिम चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

### अधिवक्ताओं की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**शिवपुरी।** लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम (एलएडीईएस) के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधीन मुख्यालय स्तर पर शिवपुरी में चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के पदों पर पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति करने के लिये अर्हता प्राप्त अधिवक्ताओं से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र 18 सितंबर शाम 5 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला न्यायालय, शिवपुरी की बेवसाइट डाउनलोड कर सकते हैं। बेवसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में उल्लेखित समस्त शर्तों के अधीन स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवपुरी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### जिले में 1251.44 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**शिवपुरी।** जिले में 01 जून 2025 से अभी तक 1251.44 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 821.91 मिमी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मिमी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1291.84 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अभी तक शिवपुरी में 1028.50 मि.मी., बैराड़ में 1232 मिमी., पोहरी में 1280 मिमी., नरवर में 1725 मिमी., करैरा में 1351 मिमी., पिछोर में 985 मि.मी., कोलारस में 1110 मिमी., बदरवास में 1480.50 मिमी. तथा खनियाधाना में 1071 मिमी. वर्षा दर्ज हुई है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुहागपुर निवासी विनोद रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलम, रामवती और विवेक रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंजरिया चक्क निवासी लखन कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र और हल्के कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचलाना निवासी रवि लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सीताराम लोधी, हरिचरण लोधी, सुजान सिंह लोधी, अनिल लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के तहत लल्ला अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी राजू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

सौपे हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम को लेकर दायित्व

# विद्यालय वह प्रयोगशाला जहां भविष्य के नागरिक गढ़े जाते हैं: राठौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को माधव चौक में आयोजित की गई। प्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वत्सराज सिंह राठौड़ की अगुवाई में आयोजित हुई बैठक में जहां संकुल व डीडीओ स्तर सहित कोषालय में लंबित समस्याओं को लेकर चर्चा की गई वहीं 1 सितंबर को प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम के आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष वतराज राठौर ने कहा कि विद्यालय वह प्रयोगशाला है जहां भविष्य के नागरिक गढ़े जाते हैं। भगवान राम,भगवान कृष्ण, महात्मा गांधी व एपीजे कलाम जैसे महापुरुषों केजीवन की जड़ें उनके विद्यालय की संस्कारों से हैं। इस दौरान शासकीय व अशासकीय स्कूलों में संकल्प कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वत्सराज राठौड़,सचिव अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा,उपाध्यक्ष भरत सिंह धाकड़,चंद्रशेखर बैमटे व अनूप सिंह परिहार,नगर अध्यक्ष इंदू पाराशर,नीतू जैन,भूपेंद्र शर्मा,नरेश भार्गव व दिनकर नीखरा सहित 53 पदाधिकारी मौजूद थे।



### ग्रामीण,नगर एवं शहर के प्राइमरी से लेकर हायर सेकंडरी स्कूल व महाविद्यालय में होगा आयोजन

*प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में जिलाध्यक्ष वत्सराज राठौड़ ने बताया कि अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यालय के निर्देश पर जिले के नगर ब्लॉक एवं तहसील के सभी स्कूलों में 1 सितंबर को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्रामीण, नगरीय एवं शहर के सभी शासकीय व अशासकीय प्राइमरी स्कूलों से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों एवं महाविद्यालयों तक में आयोजित किया जाएगा। हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम शिक्षकों एवं छात्रों के सजा संकल्प के साथ आयोजित किया जाना है। इसलिए सभी पदाधिकारी अपने-अपने नगर तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर उक्त कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारी करें जिसमें शिक्षकों के साथ छात्रों को पांच संकल्पना की शपथ दिलाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम का प्रतिवेदन फोटो ग्राफ व वीडियो के साथ उसी दिन जिला कार्यकारिणी के ग्रुप पर भेजना जरूरी होगा।*

संस्कृति सप्ताह में भाविप की पहल

# एक दिवसीय सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

नगर में सर्वाइकल रोग से ग्रसित मरीजों की सेवा के लिए समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा मनाए जा रहे संस्कृति सप्ताह के तहत एक दिवसीय सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में आधा सैकड़ा से अधिक मरीजों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

शिविर के बारे में जानकारी देते हुए समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी अध्यक्ष एड. शैलेन्द्र समाधिया, सचिव पुनीत जैन व महिला संयोजिका रबजीत ओझा ने संयुक्त रूप से बताया कि संस्था के द्वारा मनाए जा रहे संस्कृति सप्ताह के तहत भारत विकास परिषद् शाखा शिवपुरी द्वारा सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प डॉ. प्रियंका बंसल एवं डॉ. उमा जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कैंप के दौरान डॉ. उमा जैन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर किस प्रकार होता है तथा इसकी रोकथाम में वैक्सीनेशन का कितना महत्व है। वहीं, डॉ. प्रियंका बंसल ने ने छोटी बच्चियों में सर्वाइकल वैक्सीनेशन की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस कैम्प में पचास से भी अधिक बच्चियों एवं महिलाओं को वैक्सीन लगाई गई। इस आयोजन मे महिला संयोजिका रबजीत ओझा और कार्यक्रम संयोजक सरला वर्मा एवं सुनीता अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा, जिसके सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, साथ ही परिषद् की सभी महिलाओं का भी इस कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम समापन पर सभी के प्रति संस्था सचिव पुनीत जैन के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

युवा संगम अंतर्गत तैयारी जारी

# शिवपुरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 अगस्त को आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

सूक्ष्म, लघु व मध्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 28 अगस्त को रेडिएंट आईटीआई. शिवपुरी में प्रातः 10 बजे से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां जैसे भगवती प्रोडक्ट प्रा.लि., एमआरएफ टाटा मोटर्स, स्वराज महिन्द्रा, टेनिको प्रा.लि., राईस मितास, लुमेक्स प्रा.लि.. योकोमा प्रालि मिकुनी प्रा.लि.,आईएफएफडी. मैन्युफैक्चरिंग प्रो, ईगल सिक्योरिटी सर्विस, आईसर एकेडमी, इंडियन एम्प्लोई एंड एम्प्लॉयमेंट सॉल्यूशन, फोन-पे, आदि कंपनी शामिल होंगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। ऐसे बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता 8 वी/10वी / 12वी / स्नातक एवं आईटीआई. एवं डिप्लोमा है और आयु 18 से 35 वर्ष तक हो भाग ले सकते है। इच्छुक आवेदक रोजगार एवं स्वरोजगार का लाभ लेने के लिए गूगल लिंक- पर आवेदन कर सकते है। आवेदक अपने साथ, रोजगार पंजीयन, समग्र आईडी, आदि लेकर मेले में उपस्थित हों। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

सहारा ग्रुप की 9 कंपनियों की जांच में देरी से निवेशक हताश और निराश

# निवेशकों ने लगाई जिम्मेदारों से न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

सहारा ग्रुप द्वारा देशभर के करोड़ों निवेशकों के साथ की गई धोखाधड़ी के मामले में अब एक बार फिर से जांच की मांग तेज हो गई है। जांच पड़ताल में हो रही देरी से निवेशक हताश व निराश है ' उनकी आशा और विश्वास धूमिल होता नजर आ रहा है' एडवोकेट रमेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के सभी मूर्धन्य जिम्मेदार मंत्री तथा अधिकारियों से पुरजोर अपील करी है कि, भारत सरकार के कारपोरेट कार्य मंत्रालय गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआईओ) देहली द्वारा की जा रही सहारा समूह की नौ कंपनियों की गंभीर जांच पूरी करने के बाद, रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने की मांग की है। एडवोकेट रमेश मिश्रा ने बताया है कि सहारा ग्रुप की तीन कंपनियों की जांच का आदेश पहले ही 2018 में कारपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 212 (1)(ए) और (सी) के तहत गम्भीर धोखाधडी जांच कार्यालय(एस एफ आई ओ) को आदेश संख्या 04/117/2018-सी एल-'' दि.31-10-2018 के तहत निम्न लिखित कंपनियों सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट लिमिटेड, सहारा क्यू गोल्ड मार्ट लिमिटेड, सहारा हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, की जांच सौंपी थी, इसके बाद 2020 में आदेश संख्या 03/238/2020/सी एल -'' (डब्ल्यू आर) दि.27-10-2020 के तहत निम्न लिखित छह कंपनियों की जांच के लिये अपनी मंजूरी प्रदान करी, एम्बी वैली लिमिटेड,किंग एम्बी सिटी देबलोपर्स कार्पोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड, सहारा प्राईम सिटी लिमिटेड, सहारा इंडिया फायनेसियल कार्पोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया रियल एस्टेट कार्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है, जिनमें सहारा हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, आदि सहित सहारा की नौ कंपनियों की जांच भारत सरकार कार्पोरेट कार्य मंत्रालय गम्भीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआईओ) दिल्ली को सौंपी थी। जांच एजेन्सी ने आज दिनांक तक अपनी जांच पूरी नहीं कर पाई है।एडवोकेट श्री मिश्रा ने कहा है कि, पांच साल बीत जाने के बाद भी जांच पूरी नही हो पाने से देश के दुःखी पीड़ित गरीब निवेशकों में भारी निराशा और हताशा है । एडवोकेट श्री मिश्रा ने बताया है कि,इन कंपनियों द्वारा देशभर के करोड़ों निवेशकों से भारी भरकम राशि धोखे से वसूली गई, लेकिन अब तक न तो उनका पैसा लौटाया गया है और न ही कोई ठोस कार्यवाही हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि देश के करोड़ों नागरिकों को न्याय दिलाने हेतु भारत सरकार गंभीर धोखाधडी जांच कार्यालय को शीघ्र जांच पूरी करने हेतु निर्देशित व आदेशित किया जावे।

एडवोकेट रमेश मिश्रा ने आरोप लगाया है कि, सहारा इंडिया द्वारा गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को सहयोग नही किए जाने से जांच में विलम्ब हो रहा है। भारत सरकार, शीघ्र जांच पूरी कराकर, रिपोर्ट तैयार कराए। सहारा के ठगी पीड़ित गरीब निवेशकों को उनकी अपनी जमा राशि का ब्याज सहित भुगतान दिलाकर, न्याय प्रदान करे। एडवोकेट श्री मिश्रा ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सहित महामहिम राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, गृह मंत्री वित्त मंत्री आदि से ठगी पीड़ित गरीब निवेशकों के हित में शीघ्र कार्यवाही करने की प्रार्थना करी है।

नशे के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा

# पुलिस ने ग्राम धंसरा में खलिहान में अवैध शराब की 17 पेटियों से भरी स्कार्पियो गाड़ी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मंडी बामोरा पुलिस ने थाना अंतर्गत ग्राम धंसरा में एक खलिहान में रखी स्कार्पियो कार से 17 पेटी (153 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब को वाहन सहित जब्त किया है। बरामद शराब एवं वाहन की अनुमानित कीमत चार लाख छह सौ साठ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने वाहन एवं अवैध शराब को जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव ने बताया कि जिले में पुलिस अधीक्षक सागर विकास कुमार शाहवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके एवं एसडीओपी नितेश पटेल के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 24 अगस्त को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धंसरा के एक खलिहान में सफेद रंग की स्कार्पियो कार क्रमांक एमपी 04 टीए 2957 खड़ी है, जिसमें अवैध शराब रखी गई है। सूचना पर थाना प्रभारी आगासौद नितिन पाल के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल मौके पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान कार से अलग-अलग ब्रांड की कुल 153 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (17 पेटी) बरामद की गई,



जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार 660 रूपए एवं स्कार्पियो की कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। कुल मिलाकर 4 लाख 660 रुपए का माल जब्त किया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मौके पर आरोपी न मिलने से कार एवं शराब को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जब्त कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव, प्रधान आरक्षक सुशील सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक रामनिवास शुक्ला, आरक्षक नीरज राठौर, आरक्षक रोहित विश्वकर्मा एवं आरक्षक गजेंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# विहिप ने मनाया स्थापना दिवस व विश्व हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में रविवार को कादंबरी वाटिका में विराट हिंदू सम्मेलन एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन कर विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्री राधा मोहन दास महाराज बड़ा मंदिर बीना, मुख्य वक्ता जितेंद्र वर्मा विश्व हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने की। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता जितेंद्र वर्मा ने हिन्दू सम्मेलन में सर्व हिन्दू समाज से जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने समाज में हो रहे धर्मांतरण, लव जिहाद आदि समस्याओं से सावधान और मुकावला करने के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने आपसी मतभेद भुला कर सर्व हिन्दू समाज सनातन हिन्दू धर्म की रक्षा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने सर्व हिन्दू समाज से एक जुट होकर साथ में रहने की अपील करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिले के सभी निवासरत विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सभी आयामों के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी की बहने सम्मिलित हुई।

# करंट लगने से युवक की मौत, परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को जिला अस्पताल में करंट लगने के बाद उपचार के लिए लाए गए एक युवक की मौत हो जाने की घटना में पूरे समय हंगामा मचता रहा। परिवार जनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोपी लगाते हुए घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया। अस्पताल से लेकर कलेक्ट्रेट भवन तक हंगामा मचता रहा। परिवार दोषियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी ने डॉक्टर को निंलबित कर दिया है।



जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांसापुर गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई। जहां 22 वर्षीय बीएससी छात्र नीरज अहिरवार की करंट लगने से मौत हो गई। नीरज को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी जान चली गई। परिजनों ने बताया कि युवक को जब अस्पताल लाया गया, तब वह जीवित था। लेकिन अस्पताल में करीब एक घंटे तक डॉक्टरों का इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई बार अस्पताल परिसर में मदद के लिए गुहार लगाई गई, लेकिन कोई भी डॉक्टर सामने नहीं आया। अंततः जब डॉक्टर पहुंचे, तब तक युवक की हालत बिगड़ चुकी थी और उसकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई। मृतक का नाम नीरज पुत्र उमेश अहिरवार 22 साल है, जो बीएससी का छात्र था।

अपराध में प्रयुक्त हथियार को किया जब्त

# मां की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम अखाईघाट में एक युवक ने अपने ही मां पर लाठी से हमला किया सिर पर हमला किये जाने के कारण महिला की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे लाठी भी बरामद कर ली है। पुलिस ने 24 घण्टे में हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम अखाई घाट निवासी फरियादी भगल्ली पुत्र घसीटा आदिवासी ने घायल अवस्था में अपने घर ग्राम अखाई घाट में मौखिक रूप से रिपोर्ट लेख कराई कि 21 अगस्त की शाम को 05.00 बजे मेरी पत्नी भागवती व मैं स्कूल के पास बैठे थे वहां पर मेरा लड़का शीलकुमार आया और मेरी घरवाली से पैसे माँगने



लगा। मेरी घरवाली ने पैसे देने से मना किया तो मेरे बेटा शीलकुमार मेरी पत्नी को गाली देने लगा। मैंने गाली देने से मना किया तो शीलकुमार ने मुझे धक्का मारकर गिरा दिया जिससे मेरे हाथ की कोहनी में चोट आ गई। शीलकुमार ने मेरे सिर में डंडा मारा जिससे मेरे सिर में चोट लगी। मुझे बचाने मेरी पत्नी भागवती आई तो उसकी शीलकुमार ने सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी। फिर मैंने चैकीदार को बताकर पुलिस को सूचना पहुंचाई। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना पुलिस नईसराय ने अप.क्र. 140/25 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया। मामले की गंभीरता देखते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत जैन के मार्गदर्शन में अति0 पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी चंदेरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नईसराय उप निरीक्षक पुनीत दीक्षित ने 24 घंटे के अन्दर आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि उसने अपनी माँ की हत्या जिस डंडे से की थी उसे उसने सड़क के पास शासकीय स्कूल की बाथरूम में छुपा कर रख दिया था।